# ANANSHA WELFARE SOCIETY

# ANNUAL REPORT

## Logbook

इस रिपोर्ट फाइल में हमारे संस्था द्वारा किये जाने वाले सभी शिविर (कैंप) और आयोजन का प्रकार व विषय, आयोजन का स्थान, तिथि, व्यौरा तथा साक्ष्य क्रमवार तरीके से व्यवस्थि किया गया।

## 1. Career counselling camp (कैरियर परामर्श शिविर)

**स्थान:** श्री शिवचंद्रा बालिका जूनियर हाई स्कूल

**पता:** बरौरा, करधना, सेवापुरी, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

**दिनाँक:** 23-04-2025

**कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), मंजू देवी (कोषाध्यक्ष), राजेश कुमार वर्मा, अमित सिंह, प्रमोद पांडेय









**कार्यक्रम विवरण :** इस कार्यक्रम के दौरान हमारे संस्था के द्वारा कक्षा 1 से ले कर कक्षा 8 तक के विधार्थियो को कुल 3 समूहों में विभाजित करके अलग अलग क्रिया कलापो के माधयम से उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करने का प्रयास किया गया और तद्पश्चात संभावित भविष्य की शाखाओ को भली भांति अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में हमारे संस्था के द्वारा कराया जाने वाला बौद्धिक क्षमता परीक्षण की सहायता से तीनों समूहों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार (ड्राइंग बॉक्स और नोट बुक) के माध्यम से सम्मानित भी किया। और बाकी के सभी बच्चों को पाठ्यक्रम सामग्री जैसे पेन्सिल, पेन और रबर भी वितरित किया गया। यह क्रिया-कलाप बच्चों में बहुत ही लोकप्रिय साबित हुआ जिसे हम अपनी संस्था के माधयम से आगामी कैंप के माध्यम से बच्चों के बिच निरंतर बनाये रखेंगे।

कार्यक्रम के में कुल उपस्थित विधार्थियो की संख्या लगभग 40 अंकित की गयी।

**प्रमाण :** शिविर संपन्न होने के उपरांत विधालय द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र की प्रति।



# श्री शिवचन्द्रा बालिका जू0 हा0 स्कूल

बड़ौरा, करधना वि. क्षे. सेवापुरी, जनपद वाराणसी

पत्रांक .................... दिनांक 23/04/2025

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि अनंशा वेलफेयर सोसाइटी ने हमारे विद्यालय श्री शिव-चन्द्रा बालिका जू0 हा0 स्कूल बड़ौरा, करधना, सेवापुरी, वाराणसी में दिनांक 23/04/2025 को कक्षा 1 से 8 तक के छात्र/छात्राओं के लिए एक विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराना तथा नवाचारपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से उनकी रचनात्मक और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। अनंशा वेलफेयर सोसाइटी की टीम ने इस कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, समर्पण और कुशलता के साथ संचालित किया। सभी बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया। उनकी यह पहल हमारे छात्रों के लिए प्रेरणादायी और शिक्षाप्रद रही। हम उनके प्रयास की सराहना करते हैं और उनके सामाजिक कल्याण के प्रति योगदान को हृदय से सम्मान देते हैं। हम अनंशा वेलफेयर सोसाइटी को इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

प्राचार्य - अनुराग सिंह

प्रधानाचार्य
श्री शिवचन्द्रा बालिका जू0 हा0 स्कूल
... सेवापुरी, वाराणसी

## 2. Free health camp (निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर)

**स्थान:** राजकुमारी सिंह (भूतपूर्व प्रधान), निवास स्थान

**पता:** बरौरा, सेवापुरी, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

**दिनाँक:** 27-04-2025

**जांचकर्ता का नाम :** निधि पटेल (ANM)

**सहयोगी:** अमित कुमार सिंह

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), मंजू देवी (कोषाध्यक्ष), राजेश कुमार वर्मा, अमित सिंह, प्रमोद पांडेय











**कार्यक्रम विवरण :**

इस कैंप में हमारे संस्था के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य संबंधित परीक्षण कराया गया जिसमें ब्लड प्रेशर जाँच, हीमोग्लोबिन जाँच, शुगर जाँच और वेट इत्यादि शामिल रहा।

सभी परीक्षण हमारे संस्था के द्वारा बुलाए गए ANM निधि पटेल के मार्गदर्शन में सहयोगी अमित सिंह के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 40 से 50 व्यक्तियों का निःशुल्क जांच किया गया जिनका सभी विवरण हमारे निःशुल्क जाँच रजिस्टर में अंकित है तथा आवश्यकतानुसार जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। जिसमें कैल्शियम और आयरन की दवाइयां मुख्य रही। और जाँच के उपरांत संबंधित जांचो का विवरण स्लिप भी प्रदान किया गया। यह शिविर क्षेत्र की भूतपूर्व प्रधान श्रीमती राजकुमारी सिंह के निवास स्थान पर बहुत ही सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## 3. Career counselling camp (कैरियर परामर्श शिविर)

**स्थान:** भारत माता इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी

**पता:** राजा तालाब, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

**दिनांक:** 28-04-2025

**सहयोगी:** बंश नारायण शर्मा (प्राचार्य)

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश कुमार वर्मा, डॉ0 ज्योतिर्मय पटेल (अध्यक्ष )












**कार्यक्रम विवरण :**

इस कैंप में हमारे संस्था के द्वारा संस्थान भारत माता इंस्टीट्यूट में बच्चों के कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। तथा इसमें 40+ छात्रों की भागीदारी के साथ विभिन्न कैरियर विकल्पों पर मार्गदर्शन दिया गया तथा कुछ बौद्धिक छमता परीक्षण का क्रियाकलाप करवाकर विधार्थियों का मनोबल बढ़ाने में मदद आदि के साथ एकदिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न किया गया ।

**प्रमाण :** शिविर संपन्न होने के उपरांत विधालय द्वारा दिया जाने वाला प्रमाणपत्र की प्रति।

Estd.- 1995

# Bharat Mata Institute of Information Technology

(भारत माता सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान)

MCU Code-7117

Rajatalab-Varanasi (U.P.)-221311Mob-09936933429,9936982164
Email : bmiit7117@yahoo.in www.bharatmataiit.org

Affiliated : Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism & Communication, Bhopal (M.P.)

Reference: BMIIT /021/2025

Date 28/04/2025

## **( प्रमाण पत्र )**

प्रमाणित किया जाता है कि अनंशा वेलफेयर सोसाइटी रजिस्ट्रेशन नंबर : VAR /07434 / 2024 – 2025 ने हमारे संस्थान में बच्चों के कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया।

आपकी संस्था द्वारा प्रदत्त मार्गदर्शन, विशेषज्ञता एवं समर्पण अत्यंत सराहनीय रहा तथा छात्रों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हम आपके इस सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

अनंशा वेलफेयर सोसाइटी को यह प्रमाण पत्र उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में प्रदान किया जाता है।

हस्ताक्षर / Signature

२८/५/२०२५

बंश नारायण शर्मा

Principal
Bharat Mata
Institute of Information Technology
Rajatalab, Varanasi (U.P.) 221311

## 4. ग्रीष्मकालीन राहगीरों के लिए सार्वजनिक पेय जल (प्याऊ) की व्यवस्था

**स्थान:** मढ़ांवा

**पता:** मीरापुर बसही, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

**दिनांक:** 26-05-2025

**सहयोगी:** ज्ञानचंद्र प्रकाश (सभासद)

**उपस्थित सदस्य:** अमित कुमार सिंह, प्रमोद पांडेय











**कार्यक्रम विवरण :**

इस कार्यक्रम में हमारे संस्था के द्वारा गर्मी के दिनों में राहगीरों के लिए शुद्ध पिने का पानी उपलब्ध कराया गया जिसमे हमारे संस्था के सहयोगी अमित और प्रमोद पांडेय के द्वारा निर्धारित क्षेत्र के सभासद के द्वारा एक प्याऊ का उदघाटन किया गया। इस व्यवस्था के के माधयम से गर्मी के कारण राहगीरों को गर्मी शुद्ध पेय जल की व्यवस्था की गयी।

## 5. Free health camp (निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर)

**स्थान**: ज्ञानचंद्र प्रकाश के निवास स्थान पर, मढ़वा ग्राम

**पता:** मीरापुर, बसही, वाराणसी

**दिनाँक:** 15-06-2025

**जांचकर्ता का नाम :** निधि पटेल (ANM)

**सहयोगी:** अनीता सिंह (पार्षद)

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश अशोनी, अमित कुमार











**कार्यक्रम विवरण :**

हमारे संस्था के माध्यम से भाजपा क्षेत्र पार्षद अनिता सिंह के निवास स्थान पर निःशुल्क स्वस्थ जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 40 लोगों का निःशुल्क जांच किया गया और जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क दावा का वितरण किया गया।

## 6. Free health camp (निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर)

**पता:** जी टी रोड सलखन, सोनभद्र, उत्तर प्रदेश

**दिनाँक:** 07-06-2025

**जांचकर्ता का नाम :** विनय कुमार (फार्मासिस्ट)

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश कुमार वर्मा, अमित सिंह, प्रमोद पांडेय




**कार्यक्रम विवरण :**

हमारे संस्था के द्वारा सोनभद्र के सलखन क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया जिसमें हीमोग्लोबिन शुगर जाँच, ब्लड प्रेशर और वजन इत्यादि जाँच शामिल थे। इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 व्यक्तियों का निःशुल्क जाँच किया गया और साथ ही साथ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।

## 7. कांवरियों के लिए राहत कैंप

**स्थान:** साधु कुटिया प्रयागराज- वाराणसी जी टी रोड, राजा तालाब

**पता:** राजा तालाब, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

**दिनांक:** 04-08-2025

**कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश कुमार वर्मा, अमित सिंह, प्रमोद पांडेय




**कार्यक्रम विवरण :**

हमारी संस्था के द्वारा सावन महीने में पैदल चलने वाले कांवरियों के लिए खाने पीने की सामग्री जैसे केला, बिस्कुट और बोतल पैक जल का वितरण किया गया। जिसमें लगभग 100 से 150 तक के कांवरियों को राहत पहुंचाई गई। साथ ही साथ जरूरतमंद कांवरियों को मेडिकल की राहत भी दी गई जिसमें सर्दी जुकाम, बुखार की दवाइयां और पैदल चलने के कारण पैर में पड़े हुए छालों का इलाज इत्यादि शामिल था।

## 8. स्वतन्त्रता दिवस समारोह

**स्थान**: इज्जत नगर रेलवे स्टेशन के समीप मलिन बस्ती, बरेली, उत्तर प्रदेश

**दिनांक:** 15-08-2025

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश अशोनी, अमित कुमार





**कार्यक्रम विवरण :**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमारे संस्था के प्रमुख डॉ संगीता सिंह के निवास क्षेत्र बरेली में इज्जत नगर रेलवे स्टेशन के समीप मलिन बस्ती में उपस्थित बच्चों के बीच स्वच्छता सम्बंधित जानकारी के साथ देश प्रेम के प्रति जागरूकता के साथ राष्ट्र गान का कार्यक्रम कराया गया। और अंत में संस्था की तरफ से मिष्ठान का वितरण करवा कर कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया।

## 9. Free health camp (निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर)

**स्थान**: महिला प्रमुख वन्दना के निवास स्थान पर

**पता:** ग्राम बैरहवा, पोस्ट सलखन, सोनभद्र

**दिनांक:** 21-11-2025

**जांचकर्ता का नाम :** विनय कुमार (फार्मासिस्ट)

**सहयोगी:** वन्दना

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश अशोनी, अमित कुमार, ऋतु रानी








**कार्यक्रम विवरण :**

हमारे सोसाइटी के द्वारा ग्राम बैरहना पोस्ट सलखन सोनभद्र में क्षेत्र महिला प्रमुख वन्दना के निवास स्थान पर दिनांक 21 नवंबर को विनय कुमार के द्वारा गांव में उपस्थित बूढ़े बुजुर्गों और महिलाओं सहित सभी लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच किया गया जिसमें हीमोग्लोबिन, शुगर और ब्लड प्रेशर आदि जांचे मुख्य थी। तथा जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क दवाईयां भी दी गई।

## 10. जन जागरूकता कार्यक्रम

**स्थान**: राजातालाब तहसील के पास स्थित मुसहर बस्ती,

**पता:** वीरभानपुर, राजातालाब, वाराणसी

**दिनांक:** 20-11-2025

**सहयोगी:** शिव कुमार शुक्ला

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश अशोनी, अमित कुमार, ऋतु रानी






**न्यूज पेपर कवरेज:**

**भारत एकता टाइम्स - 21-11-2025**

# वीरभानपुर में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बाबतपुर/वाराणसी।** अनंशा वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा राजातालाब तहसील के पास स्थित मुसहर बस्ती, वीरभानपुर में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत मुसहर समुदाय की महिलाओं एवं बच्चियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य की देखभाल करने की जानकारी दी गई। उक्त महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर संस्था की सचिव डा० संगीता सिंह ने कहा कि बस्ती में पेयजल की कोई व्यवस्था न होने के कारण महिलाएं सामने स्थित कुएं पर खुले में नहाने के लिए मजबूर हैं जो सामाजिक दृष्टि से शर्मसार करने वाली स्थिति है। उन्होंने तहसीलदार राजातालाब शालिनी सिंह से मिलकर बस्ती में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए निवेदन किया। इस अवसर पर संस्था से शिव कुमार शुक्ला, अमित कुमार, राजेश असोनी, ऋतु रानी सहित बस्ती की महिलाएं उपस्थित रही।

**कार्यक्रम विवरण :**

अनंशा वेलफेयर सोसाइटी, वाराणसी द्वारा राजा तालाब तहसील के पास स्थित मुसहर बस्ती, वीरभानपुर में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत मुसहर समुदाय की महिलाओं एवं बच्चियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य की देखभाल करने की जानकारी दी गई। उक्त महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

इस अवसर पर संस्था की सचिव डा० संगीता सिंह ने कहा कि बस्ती में पेयजल की कोई व्यवस्था न होने के कारण महिलाएं सामने स्थित कुएं पर खुले में नहाने के लिए मजबूर हैं जो सामाजिक दृष्टि से शर्मसार करने वाली स्थिति है। उन्होंने तहसीलदार राजा तालाब श्रीमती शालिनी सिंह से मिलकर बस्ती में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए निवेदन किया।
इस अवसर पर संस्था से शिव कुमार शुक्ला, अमित कुमार, राजेश असोनी, ऋतु रानी सहित बस्ती की महिलाएं उपस्थित रही।

## अन्य मीडिया कवरेज

हिंदुस्तान अखबार - 28-04-2025

# विद्यार्थियों को करियर संवंधी दी जानकारी

जागरण संवाददाता, मिर्जामुराद : डंगहरिया गांव स्थित एसबीपी इंटरमीडिएट कालेज में सोमवार को अनंशा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को आज के प्रतिस्पर्धी युग में भविष्य को लेकर उनकी रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुसार सही करियर चुनने का मार्गदर्शन और प्रेरणा दी गई, जिससे छात्र अपने सपनों को हकीकत में बदल सकें। इस दौरान इंटरैक्टिव सत्र, समूह चर्चा और व्यक्तिगत परामर्श सत्र भी हुआ।

भविष्य के करियर संवंधी जानकारी को लेकर छात्र-छात्राओं में भी काफी उत्साह रहा। प्रधानाचार्य गौरव सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन व संदीप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। करियर काउंसलिंग में डा. ज्योतिमर्य पटेल, राजेश अशोनी, अमित सिंह व प्रमोद पांडेय उपस्थित रहे।

## 11. पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली अभियान व वृक्षारोपण

**स्थान**: सेवापुरी स्वास्थ्य केंद्र

**पता:** सेवापुरी, वाराणसी

**दिनांक:** 4 जून 2026

**सहयोगी:** अनूप मिश्रा

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश अशोनी, अमित कुमार, राम कुमार आदि






# मीडिया कवरेज




*विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेवापुरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधा रोपण*

https://youtu.be/r4Ez2fT2ZPY?si=NXO4v1XCFsvt_CCz

*रिपोर्टर -सुरेंद्र कुमार पटेल*

## 12. ग्रामीण महिलाओं को सैनिटरी पैड का वितरण तथा सम्बंधित समस्यओं पर जागरूकता कार्यक्रम

**स्थान**: **मुसहर बस्ती, चित्रसेनपुर**

**पता:** चित्रसेनपुर, वाराणसी

**दिनांक:** 5 जून 2026

**सहयोगी:**

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश अशोनी, अमित कुमार, राम कुमार आदि






## 13.ग्रामीण महिलाओं को सैनिटरी पैड का वितरण तथा सम्बंधित समस्यओं पर जागरूकता कार्यक्रम

**स्थान**: खिल्लूपुर

**पता:** खिल्लूपुर, वाराणसी

**दिनांक:** 9 जून 2026

**सहयोगी:** सुरेंद्र कुमार

**उपस्थित सदस्य:** डॉ संगीता सिंह (सचिव), राजेश अशोनी, अमित कुमार, राम कुमार आदि



अंनशा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वाराणसी जिले के खिल्लूपुर गांव में महिला सशक्तिकरण विषयक एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं और लड़कियों को उनके latent हुनर को पहचानने, विकसित करने तथा स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। शिविर के समापन अवसर पर महिलाओं को माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता और व्यक्तिगत देखभाल से संबंधित जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी महिलाओं और लड़कियों को सेनेटरी पैड्स का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 45 से 50 महिलाओं और लड़कियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के आयोजन में संस्था के पत्रकार सहयोगी सुरेद्र कुमार की विशेष भूमिका रही। शिविर में अंनशा वेलफेयर सोसाइटी की सचिव डॉ. संगीता सिंह ने मुख्य रूप से उपस्थित रहकर कार्यक्रम का संचालन किया। संस्था के सदस्य राजेश अशोनी, अमित कुमार, राम कुमार तथा सहयोगी अमृता सहित अन्य सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. संगीता सिंह ने बताया कि ऐसी गतिविधियां ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संस्था भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बना रही है। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ। स्थानीय महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।

# मीडिया कवरेज




https://youtu.be/62-643jMC8A?si=gY7RpfkMZTOEjFAi